हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EPCH
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS
EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

**प्रेस विज्ञप्ति**

**01-04 सितंबर,2024 तक आयोजित ऑटम फेयर इंटरनेशनल, बर्मिंघम में ईपीसीएच ने उपस्थिति दर्ज कराई**

**डॉ. वेंकटचलम मुरुगन, भारत के महावाणिज्य दूत, बर्मिंघम, यू.के., ने ईपीसीएच इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन किया**

**नई दिल्ली– 02 सितंबर, 2024** - एनईसी, बर्मिंघम, यूनाइटेड किंगडम में आयोजित ऑटम फेयर इंटरनेशनल, 2024 में ईपीसीएच के इंडिया पवेलियन का उद्घाटन 02 सितंबर, 2024 को यूनाइटेड किंगडम के बर्मिंघम स्थित भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. वेंकटचलम मुरुगन और सदस्य प्रदर्शकों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। यह मेला 01 से 04 सितंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने बताया कि इस आयोजन में भारत के पास ऑटम फेयर इंटरनेशनल, बर्मिंघम, यूनाइटेड किंगडम जैसे बड़े मंच पर अपनी अद्वितीय विविधता, समृद्ध संस्कृति एवं कला और शिल्प की लंबी परंपरा को प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। उन्होंने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि परिषद ने देश के विभिन्न हिस्सों से सदस्य निर्यातकों की भागीदारी की व्यवस्था की है।

डॉ. वेंकटचलम मुरुगन, भारत के महावाणिज्य दूत, बर्मिंघम, यू.के., ने पवेलियन का उद्घाटन करते हुए भारतीय हस्तशिल्प को विश्व बाजारों में लाने और देश से हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने के लिए परिषद के निरंतर प्रयासों की सराहना की। महावाणिज्यदूत ने सदस्य प्रतिभागियों के साथ भी बातचीत की और भविष्य के व्यापार प्रचार में हर संभव समर्थन का आश्वासन दिया।

ईपीसीएच के चेयरमैन श्री दिलीप बैद ने कहा कि परिषद नियमित रूप से ब्रिटेन के बर्मिंघम में ऑटम फेयर इंटरनेशनल में प्रदर्शन करती है। इससे ब्रिटेन के बाजार के विभिन्न आयामों के बारे में सूक्ष्म जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने यह भी कहा कि यूनाइटेड किंगडम दुनिया के प्रमुख बाजारों में से एक है जहां हस्तशिल्प एवं गिफ्ट उत्पादों के लिए अपार संभावनाएं हैं। श्री बैद ने कहा कि ऑटम संस्करण में भारत की भागीदारी मेले की जीवंतता और विविधता को बढ़ाएगी, साथ ही वैश्विक निर्माताओं, खुदरा विक्रेताओं और ब्रांडों को भारतीय कपड़ा, घरेलू साज-सज्जा और उपभोक्ता उत्पाद उद्योगों में मजबूत उद्यमिता से परिचित कराएगी, जिससे भारत से सोर्सिंग के अवसर खुलेंगे।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने कहा कि इस संस्करण में, ईपीसीएच के 19 सदस्य निर्यातक ईपीसीएच इंडिया पवेलियन के तहत भाग ले रहे हैं, जहां होम डेकोरेटिव्स एवं एक्सेसरीज, फैशन जूलरी और एक्सेसरीज, क्रिसमस डेकोरेटिव्स, होम टेक्सटाइल एवं फर्निशिंग्स, हस्तशिल्प एवं उपहार, हस्तनिर्मित चमड़ा उत्पाद एवं फर्नीचर, और किचनवेयर आदि प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए, ईपीसीएच ने मास्टर शिल्पकार और भौगोलिक संकेतक (जीआई) लगे उत्पादों के निर्माताओं के द्वारा भारतीय पारंपरिक शिल्पों के लाइव प्रदर्शन के लिए एक्सक्लूसिव पवेलियन स्थापित किया है।

श्री आर के वर्मा ने बताया कि इसके लिए हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय ने 6 मास्टर शिल्पकारों को नियुक्त किया है। ये हैं- काष्ठ शिल्प, जगदलपुर; कच्छ बंधनी (टाई ऐंड डाई), भुज; लाह के बैंगल्स, दिल्ली; चमड़े की कठपुतली, तिरुपति; कांस्य मूर्तिकला, चेन्नई और बाघ प्रिंट, मध्य प्रदेश। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के उद्योग एवं व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) और वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने 8 जीआई उत्पादकों को प्रतिनियुक्त किया है। ये हैं-

नरसापुर क्रोशिया लेस उत्पाद, आंध्र प्रदेश; मुगा सिल्क, असम; वर्ली पेंटिंग, दमन और दीव; कश्मीर पश्मीना, कानी शॉल, सोजानी शिल्प, जम्मू कश्मीर; नगीना वूड क्राफ्ट, उत्तर प्रदेश; उत्तराखंड बेरीनाग चाय, उत्तराखंड; चेरियल पेंटिंग, तेलंगाना; विलियानूर टेराकोटा वर्क्स और थिरुकन्नूर पापिए माशे, पांडिचेरी (पुदुचेरी)।

ईपीसीएच, देश से विश्व के विभिन्न स्थानों पर हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने और विदेशों में भारत की छवि को उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में पेश करने एक नोडल एजेंसी है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर.के.वर्मा ने बताया कि वर्ष 2023-24 के दौरान हस्तशिल्पों का निर्यात 32,759 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का हुआ, जिसमें बीते वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में 9.13% और डॉलर के संदर्भ में 6.11% की वृद्धि दर्ज हुई है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करेः**
श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक- ईपीसीएच
+91-9810697868

# Press Release

## EPCH MARKED PRESENCE IN AUTUMN FAIR INTERNATIONAL, BIRMINGHAM, UNITED KINGDOM, 01 - 04 SEPTEMBER'2024

## DR. VENKATACHALAM MURUGAN, CONSUL GENERAL OF INDIA, BIRMINGHAM, U.K., INAUGURATED EPCH INDIA PAVILION

**New Delhi – 02nd September'2024** - Autumn Fair International, 2024 got underway at NEC, Birmingham, United Kingdom. The EPCH India Pavilion was inaugurated by Dr. Venkatachalam Murugan, Consul General of India, Birmingham, U.K. in the presence member exhibitors. The fair is being held from 01 - 04 September' 2024. India has a great opportunity to display its unparalleled diversity, rich culture, and long tradition of arts and crafts on a large stage like Autumn Fair International, Birmingham, United Kingdom. The Council has organized participation of member exporters from different parts of the country informed Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH.

Dr. Venkatachalam Murugan, Consul General of India, Birmingham, U.K. while inaugurating appreciated the continuous efforts of the Council for bringing Indian Handicrafts to the world markets and promotion of handicrafts exports from the country. CGI also interacted with member participants and assured all support in future business promotions.

Mr Dileep Baid, Chairman – EPCH said The Council regularly exhibits at Autumn Fair International in Birmingham, UK, which provides insight into the U.K. market's versatility. He further added United Kingdom being one of the major markets in the world has a vast potential for handicraft and gifts items. India's participation in Autumn edition will add to the fair's vibrancy and diversity, as well as familiarise global manufacturers, retailers, and brands with the robust entrepreneurship in the Indian textiles, home furnishing, and consumer products industries, opening up opportunities for sourcing from India.

Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH said in this edition, 19 member exporters of EPCH are participating under EPCH India Pavilion displaying Home Decorative & Accessories, Fashion Jewellery & Accessories, and Christmas Decorative, Home Textiles & Furnishings, Handicrafts & Gifts, Handmade Leather products & Furniture and Kitchenware etc. He further added, in order to promote Indian Handicrafts, EPCH has setup exclusive pavilion with live demonstration of Indian Traditional Crafts by Master Craftspersons and Geographical Indications (GI) tagged products producers. The office of

Development Commissioner (Handicrafts) has deputed 6 Master Craftsmen of Wood Craft, Jagdalpur; Kutch Bandhani (Tie & Dye), Bhuj; Lac Bangles, Delhi; Leather Puppet, Tirupati; Bronze Sculpture, Chennai and Bagh Print, Madhya Pradesh. Also, The Department for Promotion of Industry & International Trade (DPIIT), Ministry of Commerce & Industry, Govt. of India has deputed 8 GI producers of Naraspur Crochet Lace Products, Andhra Pradesh; Muga Silk, Assam; Warli Painting, Daman & Diu; Kashmir Pashmina, Kani Shawl, Sozani Crafts, Jammu Kashmir; Nagina Wood Craft, Uttar Pradesh; Uttarakhand Berinag Tea, Uttarakhand; Cheriyal Painting, Telangana; Villianur Terracotta Works & Thirukannur Papier Mache, Pondicherry

EPCH is a nodal agency for promoting exports of handicrafts from the Country to various destinations of the world and projecting India's image abroad as reliable supplier of high quality of handicrafts goods & services. The Handicrafts exports during the year 2023-24 was Rs. 32,759 Crores (US $ 3,956 Million) registering a growth of 9.13% in rupee term & 6.11% in dollar terms over the previous year, further informed by Mr. R. K. Verma, Executive Director-EPCH.

---

**For more information please contact:**
Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH

+91-9810697868

Encl : Hindi, English version and photos




**Photo 1**: EPCH India Pavilion inaugurated by Dr. Venkatachalam Murugan, Consul General of India, Birmingham, U.K. alongwith Mr. R. K. Verma, Executive Director EPCH and participating member at EPCH India Pavilion in Autumn Fair International, Birmingham, U.K.




**Photo 2**: Dr. Venkatachalam Murugan, Consul General of India, Birmingham, U.K. interacted with members participating in Autumn Fair International'24, Birmingham, U.K.



**Photo 3:** Visitors doing business enquiries with EPCH exhibitors in EPCH India Pavilion during Autumn Fair International, NEC, Birmingham, U.K.